इंदौर
बुधवार
11 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 147

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



बाबा केदारनाथ धाम के कपाट हुए बंद

रुद्रप्रयाग.एजेंसी। भैयादूज के मौके पर आज केदारनाथ धाम के कपाट बंद हो गए। हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच आज शुभ मुहूर्त में सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर कपाट बंद किए गए। दर्शन के अंतिम दिन भी केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ नजर आई। अब अगले साल बाबा के दर्शन होंगे।



दिवाली पर नोटों की गड्डियों की पूजा

नागौर एजेंसी। दीपावली पर लक्ष्मी पूजन के दौरान राजस्थान के नागौर के ठेकेदार सुभाष ने लक्ष्मी पूजन अनोखे अंदाज में किया। लक्ष्मी पूजन के साथ नोटों की गड्डियों के बंडल जमाए गए थे और परिवार के सभी लोग इस पूजन में शामिल हुए और नोटों की गड्डियों की पूजा भी की गई। पूरा मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा में बना हुआ है, जिसमें नोटों की ढेरों गड्डियां दिखाई दे रही है।

पटाखा युद्ध में 150 से ज्यादा झुलसे

जयपुर.एजेंसी। राजस्थान के केकड़ी में गोवर्धन पर्व पर इस बार भी पटाखे जलाकर एक-दूसरे पर फेंकने की खतरनाक परंपरा जारी रही। शहर के मुख्य बाजारों और गलियों में सुबह 9 बजे से शुरू हुई पटाखेबाजी देर रात करीब एक बजे तक चलती रही। इस दौरान 150 से अधिक लोग झुलस गए। कई जगह आग लगने की घटनाएं भी सामने आईं।

आज भाईदूज, अजित पवार को याद कर भावुक हुईं सुप्रिया सुले

बुधवार.एजेंसी। आज भाईदूज का त्योहार मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी देशवासियों को भाईदूज की बधाई दी। उधर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले अपने दिवंगत भाई अजित पवार को याद कर भावुक हो गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दादा इस बार का भाईदूज का त्योहार तुम्हारे बिना पहले जैसा नहीं रहा।

ट्रेन हादसा

सुबह-सुबह उतरे 7 डिब्बे

दर्जनों यात्री घायल, रेल मार्ग हुआ ठप

गुवाहाटी ● एजेंसी

असम के डिगारू में आज सुबह पौने 7 बजे के लगभग एक बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। यहां कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस के सात डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। यह ट्रेन मिजोरम से कोलकाता जा रही थी। फिलहाल राहत बचाव कार्य जारी है। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण यातायात प्रभावित हुआ है और कई ट्रेन लेट और डाइवर्ट की जा रही है।



ईरान के डर से बंकर में छिपे अमेरिकी वित्त मंत्री

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान की ओर से मिल रही जानलेवा धमकियों के बाद अपना घर छोड़ दिया है। सुरक्षा कारणों से उन्हें अब एक सैन्य ठिकाने पर रखा गया है। यहां वे एक बंकर में छिपे हुए हैं।

जहाज पर हमला एक भारतीय नाविक घायल

बुधवार.एजेंसी। फारस की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले टैंकर पर हमले में एक भारतीय नाविक घायल हो गया। इस जहाज पर छह भारतीय नाविक सवार थे।

शेयर बाजार में बंपर उछाल

मुंबई.एजेंसी। आज शेयर बाजार में बंपर उछाल आया। सेंसेक्स 1,162.98 अंकों की भारी वृद्धि के साथ 82,269.63 पर पहुंच गया। यह 1.43 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़त थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी पीछे नहीं रहा। निफ्टी 295.10 अंकों की तेजी के साथ 25,339.75 के स्तर पर पहुंचा।

आज से फिर शुरू होगी दिग्गी राजा की यात्रा, अखिलेश भी होंगे शामिल

गुना.एजेंसी। दिवाली ब्रेक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज (11 नवंबर) से एक बार फिर अपनी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। दिग्गी राजा का यह कारवां आरोन (गुना) से अपनी अगली मंजिल के लिए रवाना होगा। यह यात्रा 18 नवंबर को उत्तर प्रदेश की सीमा में दाखिल होगी। यूपी में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी दिग्विजय सिंह की इस पदयात्रा में शामिल होंगे।

अभिनेता रणवीर सिंह के नाना का निधन

मुंबई.एजेंसी। अभिनेता रणवीर सिंह के नाना डॉ. राम हिंगोरानी का निधन हो गया। उन्होंने 96 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। राम हिंगोरानी ने 8 नवंबर को दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजा के दौरान आखिरी सांस ली।

मप्र के पूर्व मुख्य सचिव एवी सिंह का निधन

भोपाल.एजेंसी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त आदित्य विजय (एवी) सिंह का आज सुबह निधन हो गया। वे



83 वर्ष के थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में प्रदेश के मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान ही दिसंबर 2003 में उमा भारती के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी। अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे भोपाल के सुभाष नगर विश्राम घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह में किया जाएगा।

शराब पीने से रोका तो टंकी से लगा दी छलांग

भोपाल.एजेंसी। भोपाल के गुनगा गांव में 20 वर्षीय युवक को शराब पीने से रोका तो वह 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसे बचाने के लिए बड़ा भाई भी टंकी पर पहुंचा और रोकने की कोशिश की, लेकिन युवक ने छलांग लगा दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

राकांपा के दोनों गुटों के विलय पर फिर अड़चन

मुंबई.एजेंसी। शरद पवार की पार्टी राकांपा दो खेमों में बंटी हुई है। एक पार्टी का नेतृत्व शरद पवार कर रहे हैं जबकि दूसरी पार्टी अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के हाथों में हैं। दोनों गुटों के विलय की अटकलें चल रही हैं, लेकिन सुनेत्रा पवार और उनके बेटे पार्थ पवार तत्काल विलय के पक्ष में नहीं बताए जा रहे हैं।

उप्र में कोहरे का कहर, मप्र में शुरू हुई शीतलहर

बुधवार.एजेंसी। दिवाली के बाद अब उत्तरप्रदेश के 15 शहरों में कोहरे ने कहर बरपाना शुरू कर दिया, जबकि बिहार में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मप्र के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया। भोपाल, जबलपुर और अमरकंटक का पारा पचमढ़ी से भी नीचे चला गया। अमरकंटक और करौंदी में पारा 12 डिग्री से नीचे चल रहा है, जबकि इंदौर में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया।

कोहरे के चलते 86 गाड़ियां टकराईं, 12 मौतें, 46 घायल

बुधवार ● एजेंसी

बुल्गारिया में घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजधानी सोफिया को काला सागर के बंदरगाह शहर बर्गास से जोड़ने वाले हाईवे पर 86 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 46 घायल हुए हैं। हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया।



विजयवर्गीय ने गौड़ के साथ खाया खाना

सराफा एसोसिएशन के मिलन में मंत्री के आगमन पर पहले हुई थी एकलव्य से मुलाकात, सांसद पहले आए और कुछ ही देरी में निकल गए







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह कल नरसिंह मंदिर छत्रीबाग स्थित पोरवाल धर्मशाला में सुबह से दोपहर तक आयोजित किया गया। बडी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। राजनेताओं से कई गुना मीडिया कर्मी पहुंच गए थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी कार्यक्रम में पहुंचे तो उनकी मुलाकात शुरूआत में ही एकलव्यसिंह गौड और निर्मल वर्मा घुंघरु से हो गई थी। एकलव्य ने मंत्री से चरण छूकर आशीर्वाद लिया और उनका स्वागत दुपट्टा पहनाकर किया। मंत्री विजयवर्गीय ने एकलव्यसिंह गौड से पूछा कि मालिनी भाभी आए है क्या, इस पर एकलव्यसिंह गौड ने कहा कि हां अंदर ही है। इस पर विजयवर्गीय ने मालिनी गौड से मिलने की इच्छा जाहिर की। विजयवर्गीय खुद आगे बढ़कर मालिनी गौड के पास पहुंचे और इस बीच एकलव्यसिंह गौड वहां से कहीं जाने के लिए रवाना हो गए थे। विजयवर्गीय और मालिनी गौड एक ही टेबल पर भोजन के लिए बैठे। विजयवर्गीय लगातार चर्चा कर रहे थे। मालिनी गौड ज्यादा जवाब नहीं दे रही थी, उन्हें कही जाना भी था इसलिए बमुश्किल 10 मिनट भोजन की टेबल पर कुछ भोजन कर वे विजयवर्गीय को कहकर निकल गई। राउण्ड टेबल पर विजयवर्गीय ने पुरानी खानपान की बातें भी की। विजयवर्गीय और मालिनी गौड के बीच कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। राउण्ड टेबल भोज पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मालिनी गौड, मीता रामबाबू राठौर, सोनू राठौर, निर्मल वर्मा, जीतू सोनी, महेश दलोत्रा, हुकुम सोनी, अजय लाहोटी, बसंत सोनी, अविनाश शास्त्री साथ बैठे और भोजन किया। गौड के जाने के बाद विजयवर्गीय का भोजन व्यापारियों के साथ चलता रहा। हंसी-मजाक भी होती रही। सांसद शंकर लालवानी विजयवर्गीय के आने के पहले ही आकर चले गए थे। शंकर लालवानी ने भी सभी व्यापारियों को बधाई दी। लालवानी के साथ ज्वेलेर्स संतोष वाधवानी भी मौजूद रहे।



भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने किए लक्ष्मी-नृसिंह भगवान के दर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मध्य स्थित लक्ष्मी-नृसिंह मंदिर में कल अन्नकूट का आयोजन किया गया। अनुराग नेमा ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के छप्पन भोग और श्रृंगारित दर्शन करने भी पहुंचे थे। पंडित मोहित शर्मा ने बताया कि व्यापारी, रहवासी और राजनेता भी आयोजन में पहुंचे थे। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश शर्मा और अनुराग नीमा ने भी भगवान लक्ष्मी-नृसिंह के दर्शन किए और प्रसादी भी ली।

युवा भाजपाई अनुराग ने 30 लाख रु. की सड़क निजी खर्च से बनाने की घोषणा की

विधायक ने किया भूमिपूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा से जुड़े युवा नेता अनुराग पाण्डया ने अपने निजी धन से राऊ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवगुराडिया की मानसरोवर कॉलोनी में 30 लाख रु. की लागत से सड़क बनाने की घोषणा की, जिसका भूमिपूजन सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा ने किया। इस दौरान रूपेश मंडलोई, विनोद यादव, सुधीर गोस्वामी, मोनू अग्रवाल, आशीष सालवी सहित अन्य भी मौजूद थे। सभी ने युवा भाजपाई अनुराग पाण्डया के प्रयास की सराहना की।



मल्हार के आयोजन में कांग्रेसियों के बीच भाजपा के पूर्व विधायक भी

पटवारी से लेकर चौकसे और अन्य पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता भी पहुंचे







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवार के रूप में पुराने भाजपा नेता दिनेश मल्हार को देखा जा रहा है। मल्हार को जीतू पटवारी का करीबी माना जाता है। कल दिनेश मल्हार ने अपने जन्मदिन पर मिलन का बड़ा आयोजन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद कार्यक्रम में मौजूद रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे से लेकर अन्य कांग्रेसी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कल इस जन्मदिन को राऊ विधानसभा चुनाव से जोड़कर शक्ति परीक्षण के रूप में देखा गया। सदाशिव यादव, अरविंद बागड़ी, संजय बाकलीवाल, मुकेश ठाकुर, सुधा भंडारी, किशोर धुलधोये, प्रहलाद महावर, राजा चौकसे, मेहमूद पठान, अरशद खान, इनायत खान, मुजफ्फर, शिशुपाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।



जिराती भी पहुंचे

इस मिलन के आयोजन में भाजपा के पूर्व विधायक जीतू जिराती भी पहुंचे थे। कांग्रेसियों के बीच जीतू जिराती की मौजूदगी सबको हतप्रभ कर रही थी। जिराती से जब पूछा तो कहा कि पालदा मेरा गांव है और सभी मेरे भाई लोग है और जन्मदिन व मिलन के आयोजन में मुझे बुलाया तो मैं पहुंचा हूं, इसको राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। पटवारी ने कहा कि जीतू जिराती मेरे बचपन के मित्र, भाई है।



मिलन और समरसता भोज को लेकर भाजपाइयों की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 3 से जुड़े भाजपाइयों की बैठक विधायक गोलू शुक्ला ने भाजपा कार्यालय में बुलाई। आगामी दिनों होने वाले दीपावली मिलन और सामाजिक समरसता भोज को लेकर चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंडल और वार्ड पदाधिकारी एवं पार्षद और अन्य भी मौजूद रहे।

इंदौर देपालपुर की जोड़ी को मिलने वाले पुरस्कार का होगा प्रसारण

निगम, राजवाड़ा और 56 दुकान पर बड़ी स्क्रीन पर दिखाएंगे कार्यक्रम
इंदौर को पुरस्कार मिलने के बाद मनाया जाएगा जश्न

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। **भारत सरकार** के स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम की घोषणा के साथ आज जब इंदौर देपालपुर की जोड़ी को पुरस्कार दिया जाएगा तो उस कार्यक्रम का नगर निगम के द्वारा सीधा प्रसारण करवाया जाएगा। नगर निगम मुख्यालय, राजवाड़ा और 56 दुकान पर बड़ी स्क्रीन लगाकर यह कार्यक्रम दिखाएंगे। इसमें इंदौर को पुरस्कार मिलने के बाद जश्न मनाया जाएगा।

स्वच्छता में देशभर में अपनी पहचान बनाने वाले इंदौर को इस बार एक अलग भूमिका में राष्ट्रीय सम्मान मिलने जा रहा है। इंदौर ने अपने अनुभव और संसाधनों के जरिए देपालपुर को स्वच्छता के मामले में बेहतर बनाने की जिम्मेदारी निभाई। इसी साझेदारी के लिए आज बुधवार 11 नवंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में इंदौर-देपालपुर की जोड़ी को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में पुरस्कारों की घोषणा होगी। मेयर पुष्यमित्र भार्गव, निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, देपालपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित आठ सदस्यीय टीम सम्मान समारोह में शामिल होने दिल्ली पहुंची है। इस बार स्वच्छता लीग में इंदौर सहित देश के 72 शहरों को सीधे शामिल नहीं किया गया था। इन शहरों को अपने-अपने एक जोड़ीदार शहर को स्वच्छता के मामले में बेहतर बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इंदौर ने इसके लिए जिले के देपालपुर को चुना। नगर पंचायत देपालपुर में इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था और काम करने के तरीके लागू करने पर जोर दिया गया। इसका असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है।

इस कार्यक्रम का हमेशा की तरह इंदौर नगर निगम के द्वारा सीधा प्रसारण करवाया जाएगा। यह प्रसारण शहर में तीन स्थानो पर होगा। निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय, राजवाड़ा और 56 दुकान पर यह प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा वहां पर बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी। जब इस कार्यक्रम में इंदौर को पुरस्कार मिलेगा तो उसके बाद में जश्न मनाया जाएगा। इन स्थान पर इंदौर के सफाई मित्र भी खासतौर पर मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 4:00 बजे से होगा। इसके लिए सभी प्रसारण स्थल पर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को 3.30 बजे पहुंचने की सूचना दी गई है।



पूर्व विधायक के यहां भी पहुंचे मिलन करने

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गीता रामेश्वर ट्रस्ट एवं मालवा विकास परिषद द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के निवास पर किया गया। सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल, राहुल निहोरे,मदन परमालिया, राहुल पटेल, विनोद पटेल, मदन नांगवंशी, नरेन्द्र सूर्यवंशी जगदीश सतोईया, जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश जोशी, चेतन चौधरी, राजेंद्र मालवीय, सुरेश चौधरी, नरेंद्र सूर्यवंशी, जगदीश जोशी, प्रतिश राजू, मिथलेश जोशी, जगदीश सत्तैया, अनुज भंडारी सहित अन्य मौजूद थे।



कांग्रेस नेता ने सफाई मित्रों को भेंट की सामग्री

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 2 के वार्ड 23 के परदेशीपुरा क्षेत्र में कांग्रेस नेता और ब्राह्मण समाज से जुड़े वरिष्ठ कमलेश पाठक ने दीपावली के बाद अपने क्षेत्र के सफाई मित्रों को आज सुबह दीपावली की गिफ्ट सामग्री के रूप में दी। इनमें कपड़े, मिठाई और नकद राशि भी शामिल है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बहन के जेठ को पीटा

चोइथराम अस्पताल में हुई घटना, परिजनों ने लगाए कई आरोप
पुलिस राजेंद्रनगर ने किया लोकेश हार्डिया पर प्रकरण दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया के खिलाफ राजेन्द्र नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को फरियादी अमित पिता लक्ष्मीनारायण हार्डिया ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनके छोटे भाई सुमित हार्डिया के बेटे आराध्य से मिलने चोइथराम अस्पताल गए थे। आराध्य का नहाने के दौरान गर्म पानी से फैल जल गया। इस बात पर अमित ने अपनी बहू और आराध्य की माता बरखा को कहा कि बच्चे का ध्यान रखा करो। इसी दौरान अस्पताल में बरखा हार्डिया का भाई और कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया भी मौजूद थे उन्होंने फरियादी अमित को घूरकर देखते हुए कहा कि तुमने मेरी बहन बरखा को ऐसा क्यों कहा कि आराध्य के पैर जले हैं तो गलती उसकी है। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ और लोकेश ने अमित को पिट दिया, जिससे उन्हें पीठ और गाल पर चोंट लगी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर लोकेश हार्डिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर परिजनों का आरोप है कि लोकेश घटना के दौरान सामान्य स्थिति में नहीं था। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है।

कचरा गाड़ी पर कर दी सम्मान मिलने की गूंज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के अधिकारी अपना काम का ढोल पीटने के लिए जो करते हैं वह कम होता है। भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम में सुपर लीग में शामिल इंदौर सहित अन्य शहरों के बीच रैंकिंग नहीं देने का फैसला लिया गया है। इस फैसले के कारण अब इंदौर यह दावा नहीं कर सकता कि वह देश में नंबर एक है। अब पुरस्कार स्वच्छता जोड़ी के रूप में दिया जाएगा। इसके अंतर्गत 20000 से कम आबादी वाले शहरों में देपालपुर दौड़ में है। देपालपुर के साथ उसे स्वच्छ बनाने वाले इंदौर को भी सम्मानित किया जाना है। इंदौर नगर निगम के अधिकारियों ने आज घर-घर से कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी के साउंड सिस्टम पर दिल्ली में आज मिलने वाले सम्मान का ढोल बजाना शुरू कर दिया। आज सुबह जब अलग-अलग क्षेत्र में यह गाड़ी कचरा लेने के लिए पहुंची तो गाड़ी पर अनाउंस किया जा रहा था कि आज दिल्ली में देपालपुर और इंदौर का स्वच्छता के लिए सम्मान किया जाएगा।

कल सुबह लौटेगी टीम - दिल्ली में स्वच्छता का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद इंदौर की टीम कल सुबह 9:00 बजे विमान से वापस लौटेगी। कल गुरुवार को सुबह 8:00 बजे यह टीम दिल्ली से रवाना होगी। इस टीम के साथ देपालपुर के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी होंगे।

सरकारी ऑफिस तो खुले लेकिन अधिकारी कर्मचारी रहे गायब

सभी सरकारी कार्यालय में कल भी बना रहा छुट्टी का माहौल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल मंगलवार को सभी सरकारी कार्यालय तो खुले थे लेकिन वहां से अधिकारी और कर्मचारी अमूमन गायब रहे। इन सभी सरकारी कार्यालय में कल छुट्टी का ही माहौल बना रहा।

पंचांग में तिथि की घटबड़ होने के कारण बहुत सारे स्थान पर कल मंगलवार को गोवर्धन पूजा की गई। सरकारी तौर पर तो गोवर्धन पूजा सोमवार को अवकाश के दिन ही हो गई थी। उस दिन इंदौर में आकर महू तहसील के ग्राम आशापुरा में इंदौर नगर निगम के द्वारा जन सहयोग के साथ बनाई गई विशाल गौशाला का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। कल मंगलवार का दिन सरकारी तौर पर अवकाश का दिन नहीं था। ऐसे में सभी सरकारी कार्यालय बराबर नियम के अनुसार खुले हुए थे।

सरकारी कार्यालय खुला होने के बावजूद अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचे। कुछ लोगों के द्वारा तो कल का आधिकारिक तौर पर अवकाश ले लिया गया था। जिन लोगों ने अवकाश नहीं लिया था वे लोग कार्यालय में आए और अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर गायब हो गए। जो लोग कार्यालय में रुके हुए थे वह एक दूसरे को दीपावली के पर्व की बधाई देने और मिठाई खिलाने में ही लगे रहे। जिला कलेक्टर के द्वारा आज बुधवार के दिन को भाई दूज मानते हुए स्थानीय अवकाश के रूप में छुट्टी घोषित किया गया है। ऐसे में बहुत सारे कर्मचारी ने मंगलवार को छुट्टी मनाकर रविवार से बुधवार तक त्यौहार का आनंद लेने की व्यवस्था कर ली। सभी कार्यालय में अधिकारी भी केवल नाम के लिए थोड़ी देर के लिए पहुंचे थे उसके बाद में गायब हो गए। इन अधिकारियों के द्वारा वापस कार्यालय में जाकर पेंडिंग काम निपटाना अथवा जनता की शिकायत सुनने में कोई रुचि नहीं ली गई।

ना शिकायत करने वाले आए ना सुनने वाले बैठे थे



कल सरकारी कार्यालय चालू होने के बावजूद छुट्टी का ऐसा माहौल था कि मंगलवार की जनसुनवाई में शिकायत करने वाले भी गिने चुने ही पहुंचे। इसके साथ ही जनसुनवाई में शिकायत सुनने के लिए अधिकारी भी गले चुने ही बैठे थे। हालत यह थी कि ना तो शिकायत करने वाले आए थे और नहीं शिकायत सुनने वाले बैठे थे। नगर निगम की जनसुनवाई से युक्त क्षितिज सिंगल गायक थे तो अधिकांश अपर आयुक्त भी इस जनसुनवाई में मौजूद नहीं थे।

शहर के तालाबों में नर्मदा का पानी कैसे पहुंचे सर्वे शुरू बाधा चिन्हित करके निराकरण के काम जल्द शुरू होंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण और कंसलटेंट से शुरू की चर्चा

अल्प वर्षा के कारण शहर में जल उपलब्धता को लेकर नगर निगम ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। गर्मी में सुचारू जलापूर्ति बनाए रखने के लिए अब नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना की लाइन के माध्यम से बिलावली तालाब को भरने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम का जलकार्य विभाग सर्वे कर रहा है। सर्वे में कंसल्टेंट एजेंसी की मदद ली जा रही है। राऊ तालाब से बिलावली तालाब तक पानी पहुंचाने के लिए लाइन की स्थिति, उपलब्ध चैनल और पानी पहुंचाने के व्यावहारिक विकल्पों का तकनीकी अध्ययन किया जा रहा है। तालाब भरने के लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं करनी होंगी, इस पर भी अधिकारियों और कंसल्टेंट के बीच चर्चा चल रही है। निगम की कोशिश है कि जरूरी तैयारियां पूरी होते ही तालाब में पानी पहुंचाने का काम शुरू किया जा सके।

लाइन चालू होने की स्थिति पर भी नजर

बिलावली तालाब को भरने की योजना काफी हद तक नर्मदा-गंभीर लिंक परियोजना की लाइन चालू होने पर निर्भर करेगी। नगर निगम अधिकारी इस संबंध में नर्मदा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से लगातार बातचीत कर रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से पहले यह कहा गया है कि रबी की फसल के लिए पानी सप्लाई करने के दौरान तालाबों में नर्मदा का पानी छोड़ने की अनुमति दी जा सकती है। ऐसे में निगम को लाइन के संचालन और पानी उपलब्ध होने की स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है।

ओंकारेश्वर डैम से पानी छोड़ने पर निर्भर रहेगी योजना

नर्मदा का जलस्तर फिलहाल कम है। इसकी एक वजह ओंकारेश्वर डैम से पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जाना भी है। आगामी दिनों में डैम से कितनी मात्रा में पानी छोड़ा जाता है, इसी के आधार पर नर्मदा विकास प्राधिकरण की ओर से पानी सप्लाई और तालाबों को भरने की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। यदि पर्याप्त पानी उपलब्ध होता है और लाइन संचालन की अनुमति मिलती है तो बिलावली तालाब में पानी पहुंचाने का काम जल्द शुरू हो सकता है।

गर्मी से पहले जल संग्रहण बढ़ाने की तैयारी

नगर निगम का फोकस अभी से शहर के जलस्रोतों में उपलब्ध पानी बढ़ाने पर है, ताकि गर्मी के दिनों में जलापूर्ति पर दबाव कम किया जा सके। बिलावली तालाब को नर्मदा के पानी से भरने की योजना इसी तैयारी का हिस्सा है। हालांकि, इसका क्रियान्वयन पानी की उपलब्धता, लाइन चालू होने और जरूरी तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद ही संभव होगा।

2 दिन बाद फिर पारा गिरा, कल रात में चमकी ठंड

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर में दो दिन के अंतराल के बाद एक बार फिर इंदौर में पारा गिर गया है। इसके परिणाम स्वरूप कल रात में एक बार फिर ठंड चमक गई। मौसम विज्ञान कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में मौसम की स्थिति में बदलाव आया है। इस अवधि में इंदौर का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस रहा। जो की सामान्य तापमान से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इस तापमान के कारण दिन के समय पर धूप और गर्मी की स्थिति महसूस होती रही। इसके साथ ही इंदौर का न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस कल रात में रहा है। यह तापमान सामान्य तापमान से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके साथ ही इंदौर में 17 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलती रही। आज सुबह 8:30 बजे इंदौर का तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस था। इस दौरान हवा भी नहीं चल रही थी। यह स्थिति इस बात का संकेत दे रही थी कि आज फिर से दिन का तापमान बड़ा हुआ रहेगा और नागरिकों को गर्मी का एहसास होगा।

इस तरह 2 दिन के अंतराल के बाद इंदौर में न्यूनतम तापमान रात के समय में 12 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। इसके चलते हुए कल रात में नागरिकों को ठंड का एहसास हुआ। ठंड की यह स्थिति वैसे तो रात के समय पर लगातार बनी हुई है। जब तापमान नीचे गिर जाता है तो यह ठंड थोड़ी ज्यादा महसूस होने लगती है और जब तापमान थोडा बढ़ा हुआ रहता है तो यह ठंड महसूस नहीं होती है। मौसम विभाग के अनुसार इस स्थिति में बदलाव होने के अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

फेल ट्रांसफार्मर परिवहन को लेकर भी सैंकड़ों किसानों की मदद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मप्र शासन के निर्देशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सिंचाई कार्य में लगे ट्रांसफार्मर के फेल होने पर उसके बिजली कार्यालय, भंडार गृह या ट्रांसफार्मर की लोकल रिपेयरिंग यूनिट (एलआरयू) तक लाने के लिए भी परिवहन राशि व अन्य राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस सीजन में 542 किसानों को 5.13 लाख रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। योजना के तहत किसानों द्वारा अपने वाहन से खराब, बंद ट्रांसफार्मर के परिवहन पर 25 किमी तक 400 रूपए, 26 से 50 किमी तक 800 रूपए, अधिक दूरी तक परिवहन पर 800 रूपए एवं प्रति अतिरिक्त किमी आठ रूपए की परिवहन राशि एवं 200 रूपए अनुरक्षण व्यय प्रदान किया जा रहा है। यह राशि किसान के बैंक खाते में प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य किसानों के सिंचाई कार्य के ट्रांसफार्मर को जल्दी सुधारना का प्रयास एवं किसानों की मदद हैं।

आज भी मनाई जा रही है भाईदूज

ज्यादातर आयोजन आज, आगे भी चलते रहेंगे भाई-बहन के मिलन के आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वैसे तो कल दोपहर को ही भाईदूज लग गई थी और कई लोगों ने कल भाईदूज का आयोजन भी किया। आज प्रमुख रूप से भाईदूज का पर्व मनाया जा रहा है। आज सुबह कई घरों में, रेस्टारेंट में, रिसोर्ट में भाईदूज के आयोजन हो रहे हैं। आज सुबह भी कई आयोजन भाई-बहन के प्यार के हो रहे हैं। पारिवारिक मिलन के इस आयोजन में भोज के बाद बहन अपने भाई को तिलक भी करेगी और भाई बहन को तोहफा देने के साथ बहन की सुरक्षा का संकल्प भी लेंगे। भाईदूज का यह आयोजन अभी आने वाले कई दिनों तक चलता रहेगा। कई लोग भाईदूज पर बाहर धार्मिक स्थल पर भी जाते हैं और खासतौर से मथुरा यमुनाजी के स्नान के लिए भी निकलते हैं। इंदौर से भी कुछ लोग परिवार सहित माँ यमुना का पूजन कर स्नान और आशीर्वाद लेने मथुरा पहुंचे हैं। पुराना महत्व है कि भाई-बहन एक साथ यमुनाजी में एक साथ स्नान करते हैं।

आरटीई की ऑनलाइन मान्यता आज से शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश के सभी कलेक्टर, जिला परियोजना समन्वयक, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत 2027-28 के लिए कक्षा 8वीं के अशासकीय विद्यालयों के लिए मान्यता नवीनीकरण आवेदन के अलावा नवीन मान्यता लेने वालों को आज से ऑनलाइन आवेदन करना होंगे। यह आवेदन ऑनलाइन होंगे, जो 30 नवम्बर तक आवेदन किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के 15 दिन बाद विकास खंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा विद्यालय का भौतिक सत्यापन भी निरीक्षण के रूप में किया जाएगा। ऑनलाइन चैकिंग, भौतिक सत्यापन के बाद मान्यता दी जाएगी। इसके लिए बीआरसीसी का अभिमत भी लगेगा। अगर कोई कमी आवेदन या भौतिक सत्यापन के लिए आती है तो उसके लिए भी समय दिया जाएगा। पूरी कार्रवाई के बाद ही मान्यता दी जाएगी। जिन स्कूलों की मान्यता इस शिक्षा सत्र के बाद समाप्त हो रही है उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना है। प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है, जो 20 दिनों तक चलकर 30 नवम्बर को पूर्ण होगी। मान्यता के आवेदन की अभी तो 30 नवम्बर तीथी तय की गई है, लेकिन बाद में तारीख बढ़ने की संभावना भी बनी रहती है।

प्रॉपर्टी के कारोबार पर संदेह का चश्मा : अवैध कॉलोनाइजरों और डायरी के सौदागरों की छल-कपट पर शासन की सख्ती जरूरी- अक्षय जैन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जमीन खरीदना किसी व्यक्ति के जीवनभर की पूंजी और परिवार के भविष्य से जुड़ा फैसला होता है। लेकिन अवैध कॉलोनियों, बिना वैधानिक अनुमति के प्लॉट बेचने और डायरी के नाम पर होने वाले सौदों ने प्रॉपर्टी के कारोबार में विश्वास का संकट खड़ा कर दिया है। प्रॉपर्टी का कारोबार कभी निवेश, भविष्य की सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता था। जमीन का एक टुकड़ा खरीदने के पीछे किसी परिवार का अपना घर बनाने का सपना होता है, तो किसी के लिए यह जीवनभर की बचत को सुरक्षित करने का जरिया होता है। लेकिन पिछले कुछ समय से अवैध कॉलोनाइजरों और डायरी के माध्यम से जमीनों के सौदे कराने वाले दलालों की बढ़ती गतिविधियों ने इस भरोसे पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

विडंबना देखिए कि जमीन की खरीद-फरोख्त में अब खरीदार सबसे पहले जमीन की कीमत नहीं, बल्कि उसकी वैधानिक स्थिति पूछने लगा है। कहीं कॉलोनी स्वीकृत है या नहीं? जमीन का डायवर्शन हुआ है या नहीं? विकास की अनुमति है या नहीं? रजिस्ट्री संभव है या नहीं? कहीं एक ही भूखंड के कई खरीदार तो नहीं? ऐसे सवाल अब सामान्य हो गए हैं।

डायरी में सौदा, सपनों में मकान और हकीकत में विवाद!

प्रॉपर्टी के बाजार में डायरी पर सौदे करने की प्रवृत्ति ने एक अलग ही जोखिम पैदा किया है। कुछ बिचौलिए कम कीमत, जल्द मुनाफे और भविष्य में वैध पट्टा या रजिस्ट्री का भरोसा देकर लोगों को आकर्षित करते हैं। खरीदार को एक डायरी में भूखंड नंबर, रकम और भुगतान का विवरण लिखकर दे दिया जाता है। लेकिन जब वैधानिक दस्तावेजों, स्वामित्व और अनुमतियों की बात आती है, तब कई खरीदार खुद को असहाय पाते हैं। यहां यह समझना जरूरी है कि हर डायरी आधारित लेन-देन अपने आप में अवैध नहीं कहा जा सकता, लेकिन केवल डायरी की पर्ची जमीन के वैध स्वामित्व और पंजीकृत हस्तांतरण का विकल्प नहीं है। बिना जांच-पड़ताल के जीवनभर की कमाई ऐसे सौदों में लगाना जोखिम भरा हो सकता है।

कुछ लोगों की लालच भरी गतिविधियों का खामियाजा पूरा प्रॉपर्टी कारोबार क्यों भुगते?

प्रॉपर्टी कारोबार में अनेक प्रतिष्ठित कॉलोनाइजर, बिल्डर, रियल एस्टेट कारोबारी और प्रॉपर्टी कंसल्टेंट पूरी पारदर्शिता के साथ व्यवसाय कर रहे हैं। वे शासन की अनुमतियों, नियमों और दस्तावेजों का पालन करते हुए ग्राहकों को संपत्ति उपलब्ध कराते हैं। लेकिन कुछ अवैध कारोबारियों की वजह से अब ईमानदार कारोबारी को भी संदेह की नजर से देखा जाने लगा है। इसका असर केवल जमीन के सौदों तक सीमित नहीं है। बाजार में विश्वास घटता है, निवेशक निर्णय टालते हैं, वैध परियोजनाओं की बिक्री प्रभावित होती है और पूरे रियल एस्टेट सेक्टर की साख पर सवाल उठते हैं।

शासन की सख्ती केवल कार्रवाई नहीं, विश्वास बहाली का माध्यम बने- सरकार और स्थानीय प्रशासन को इस मामले में केवल अवैध निर्माण हटाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। अवैध कॉलोनियों को विकसित करने वाले वास्तविक जिम्मेदार लोगों, बिना अधिकार भूखंड बेचने वालों और भ्रामक आश्वासन देकर लोगों की पूंजी फंसाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रत्येक कॉलोनी की स्वीकृति, जमीन का उपयोग, विकास अनुमति, रेरा पंजीयन जहां लागू हो, और रजिस्ट्री की स्थिति आम नागरिक के लिए ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। डायरी और अग्रिम भुगतान के नाम पर होने वाले संदिग्ध लेन-देन की जांच हो। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई के साथ पीड़ित खरीदारों को न्याय दिलाने की व्यवस्था भी जरूरी है। आखिरकार, जमीन का कारोबार केवल जमीन का सौदा नहीं, बल्कि भरोसे का कारोबार है। जिस प्रदेश में निवेश और विकास की संभावनाएं हों, वहां प्रॉपर्टी के कारोबार को संदेह के घेरे में नहीं, बल्कि पारदर्शिता और विश्वास के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। शासन की सख्ती ईमानदार कारोबारियों के लिए बाधा नहीं, बल्कि उनके व्यवसाय की सुरक्षा का आधार बननी चाहिए। समय की मांग है कि अवैध कॉलोनाइजरों और छल-कपट के सौदागरों पर शिकंजा कसे, ताकि आम आदमी की जीवनभर की कमाई सुरक्षित रहे और प्रॉपर्टी के बाजार में फिर से विश्वास की नींव मजबूत हो सके।

प्रवासी पक्षियों ने दी रीजनल पार्क और सिरपुर तालाब में दस्तक

छाया- नीलेश वर्मा





सर्दियों की आहट के साथ हुआ आगमन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इस समय भले ही दोपहर में गर्मी का एहसास हो रहा हो, लेकिन देर रात से अलसुबह तक ठंड का एहसास हो रहा है। सर्दियों की आहट के साथ ही प्रवासी पक्षियों का आगमन इंदौर में शुरू हो गया है। इन दिनों रीजनल पार्क और सिरपुर तालाब क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का आगमन दिखाई देने लगा है, जिससे लगने लगा है कि सर्दियों की आहट के साथ यह प्रवासी पक्षी का आना शुरू हो चुका है। अलग-अलग प्रजातियों के पक्षी की चहचाहट सुनाई देने लगी है। इन्हें देखने अब शौकीन लोग भी रीजनल पार्क क्षेत्र में पहुंचने लगे हैं। अभी सिरपुर तालाब में पक्षियों की संख्या कम दिखाई दे रही है। इन पक्षियों के बीच दुर्लभ उल्लू का जोड़ा भी रीजनल पार्क में कल देखा गया।



बालकृष्ण साख संस्था ने दिए चेक

दीपावली मिलन का आयोजन किया गया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर नगर पालिक निगम प्रांगण में स्थित इंदौर नगर पालिक निगम श्री बालकृष्ण सहकारी साख संस्था के सदस्यों का दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त देवधर दरवाई और प्रताप करोसिया मौजूद थे। संस्था के राजेश करोसिया राजा ने बताया कि संस्था द्वारा सफाई मित्रों को ऋण दिया जाता है। ऋण व्यवस्था की आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा प्रशंसा की गई। अमानत राशि 5 लाख रु. जमा के एवज में सेवानिवृत्त सदस्यों को 4 लाख रु. की राशि के चेक वितरित किए गए।

लक्ष्मीबाई अनाज मंडी में आज सुबह मुहूर्त के हुए सौदे

पहले हुआ महालक्ष्मीजी का पूजन, सौदों के बाद मिलन और भोजन आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्री इंदौर कृषि उपज व्यापारी संघ के महामंत्री आनन्द गर्ग ने बताया कि दीपावली के बाद आज मंडी फिर से शुरू हुई और आज सुबह बड़ी संख्या में व्यापारी और किसान पहुंचे और पहले महालक्ष्मीजी का पूजन किया गया। पूजन के बाद आरती हुई और फिर नीलामी शुरू हुई, जिसमें व्यापारियों ने भाग लिया। मुहूर्त में नीलामी के बाद मिलन समारोह आयोजित हुआ और अब समाचार लिखे जाने तक व्यापारी, किसान और आमंत्रितों के लिए भोजन का आयोजन लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी प्रांगण में किया जा रहा है। कार्यक्रम में नारायण गर्ग, आनन्द गर्ग, राजेश खंडेलवाल, प्रवीण गर्ग, पवन बड़जात्या, रवि सारडा, पंकज गोयल, गिरिराज खंडेलवाल, हितेश अग्रवाल, सनत गोधा, रॉबिन काला, पवन गुप्ता, रितेश गोधा, विनय अग्रवाल, सुलभ छाबड़ा, रितेश अग्रवाल, विजय बंसल, अवधेश गर्ग, ब्रजेश अग्रवाल, विकास गर्ग, नरेन्द्र जैन, नीलेश गर्ग, नितेश वेद, रूपेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व व्यापारी मौजदू थे। छावनी अनाज मंडी से भी व्यापारी आज यहां मिलन में पहुंचे थे।





पुलिस की जनसुनवाई में पहुंचे 35 आवेदक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई हुई, खुद पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह ने 35 आवेदकों की समस्याओं को सुना और वहां मौजूद अधिकारियों को समस्याओं को हल करने के निर्देश भी दिए। इस 35 शिकायतों में पति द्वारा तथा सास-ससुर व ननंद द्वारा परेशान करने संबंधी आपसी पारिवारिक विवाद, पड़ौसियों से आपसी विवाद, युवती द्वारा झूठी शिकायत में फ़साने की धमकी देने संबंधी, आपसी पैसों के लेन-देन, सुनवाई न होने की शिकायतें, प्लॉट/मकान, जमीन संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध एवं अन्य पुलिस संबंधित प्रकरण शामिल रहे।



यातायात हेल्प लाइन पर पहुंची 47 शिकायतें, 45 का निराकरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यातायात पुलिस हेल्प लाइन पर आने वाली शिकायतों पर संज्ञान लेकर उसको हल करने की कोशिश करती है। ट्रैफिक हेल्पलाइन एवं इंदौर ट्रैफिक साथी ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के अन्तर्गत 5 से 9 नवम्बर तक कुल 47 शिकायतें ट्रैफिक हेल्प लाइन पर आई। इनमें से यातायात पुलिस ने 45 शिकायतों का निराकरण कर दिया। दो शिकायतें अभी लम्बित है जिन पर भी कार्रवाई चल रही है। इनमें सबसे ज्यादा 30 शिकायतें नो पार्किंग और अवैध पार्किंग को लेकर और उसके बाद यातायात बाधित होने की 11 शिकायतें थी। इस हेल्प लाइन में 22 सितम्बर से अभी तक 4838 शिकायतें आई है। पुलिस का दावा है कि इनमें से 4811 शिकायतें हल कर दी गई है।

दास बगीची में गूंजे जय-जय सियाराम बाबा के जयकारे



छप्पन भोग, शृंगार दर्शन श्रद्धालुओं ने किए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

श्री दास हनुमान बगीची जय सियाराम बाबा स्मृति धार्मिक एवं सार्वजनिक न्यास धाम द्वारा कल पिलियाखाल स्थित दास बगीची में जय-जय सियाराम बाबा और हनुमानजी को छप्पन भोग लगाए, शृंगार दर्शन हुए। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जहां छप्पन भोग और शृंगार दर्शन किए वहीं महाआरती में भी शिरकत की और जय-जय सियाराम बाबा के उद्घोष लगे और हनुमानजी के जयकारे भी गूंजे। शाम को आरती के बाद से अन्नकूट प्रसादी शुरू हुई, जो देर रात तक चलती रही। इधर भजन गायक गन्नू महाराज ने एक के बाद एक कई प्रस्तुतियां दी। वीरेन्द्र गुप्ता, कैलाश कुसमाकर, अशोक पटेल बाबूजी, विष्णुकांत उपाध्याय सहित अन्य आयोजन से जुड़े रहे।



हरसिद्धि माता को आज लगे छप्पन भोग हुई महाआरती

शाम को गार्डन में अन्नकूट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माँ हरसिद्धि को आज छप्पन भोग लगाए, शृंगार दर्शन भी हुए और माँ हरसिद्धि की सुबह आरती हुई। माँ हरसिद्धि आरती मण्डल एवं गुरुकृपा परिवार द्वारा आयोजित आज अन्नकूट महोत्सव में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन दस्तूर गार्डन स्कीम नं. 71 में किया गया है। उक्त जानकारी घनश्याम काकाणी ने दी।



ट्रांसपोर्ट महासंघ ने किया दिवाली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. ट्रांसपोर्ट महासंघ ने दीपावली मिलन का आयोजन अध्यक्ष संजय अरोड़ा के निवास पर किया। एक-दूसरे को बधाई दी गई। इस दौरान संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, तृप्ता देवी, सुषमा सीडाना, अजय अरोड़ा, शिवाय नित्य, मोनिका पूजा अरोड़ा शामिल थे।

अग्रवाल समाजजनों ने किया पूजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल भी गोवर्धन पूजन के आयोजन हुए, मल्हारगंज दलिया पट्टी में अग्रवाल समाजजनों ने रहवासियों के साथ कल गोवर्धन पूजन का आयोजन किया। आरती के बाद प्रसाद का वितरण भी हुआ। रजत गर्ग,अवधेश गर्ग, आनंद गर्ग, पंकज गर्ग, विनय मित्तल, विकास मित्तल, राधेश्याम गर्ग, चुन्नीलाल मित्तल, राम गर्ग, अंशुल बंसल, आशीष बंसल, रमेश बंसल आदि अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे।



टीकमचंद गर्ग के निवास पर अन्नकूट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अग्रवाल समाज से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी टीकमचंद गर्ग और राजेश गर्ग के निवास पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में वरिष्ठ अग्रवाल समाजजनों के साथ अन्य समाजजन भी शामिल हुए। कई राजनेताओं ने भी शिरकत की। विनोद अग्रवाल, अरविंद बागड़ी, श्याम गर्ग, राजेश गर्ग, दिनेश चौरसिया, केदार माहेश्वरी, मनोहर लड्ढा, हरीश कपूर, साधना कपूर, ललिता श्रवण वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, राधेश्याम पटेल ने भी शिरकत की।

शिक्षकों की विचार अभिव्यक्ति स्पर्धा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सामाजिक संस्था ज्ञान प्रेम एजुकेशन एवं सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा 'गुरुकुल से गूगल तक' विषय पर शिक्षकों के लिये विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में 43 शिक्षकों ने भाग लिया जबकि प्रतियोगिता को सुनने के लिये बड़ी संख्या में शिक्षकगण मौजूद थे। आशीष तिवारी, राजीव शर्मा, प्रमोद डफरिया, भानू कुमार, डॉ. कविता शर्मा, पंकज शर्मा, कल्पना जैन, सुनील चौधरी मौजूद थे। विजेता शीतल धाकड़, गार्गी अग्रवाल, खुशबू जोशी, राशि सिंह, निधि टेलर को नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

विद्यार्थियों ने लॉन्च किया आयुर्वेदिक ब्रांड 'नुस्खा'

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। डीएवीवी के एमबीए विद्यार्थियों ने कॉलेज असाइनमेंट को बिजनेस रूप देते हुए आयुर्वेदिक ब्रांड 'नुस्खा' लॉन्च किया। अवधेश मोटसरा और क्रिश सोनी की भूमिका प्रमुख रही।





कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क़ल मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की समस्याओं पर अधिकारियों ने आवेदकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए निराकरण के निर्देश दिए।अधिकारी हिमांशु प्रजापति, नवजीवन विजय पंवार मौजूद थे।



आज से तिब्बती ऊनी बाजार शुरू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विगत 40 वर्षों से लाहासा तिब्बती वूलन मार्केट दशहरा मैदान पर लग रहा है। आज से यह ऊनी मार्केट नई वैरायटी नया कलेक्शन और कई देशों के ब्रांडों के साथ इंदौर के दशहरा मैदान पर लहासा तिब्बती शरणार्थी वूलन मार्केट शुरू हुआ है।



जैन समाजजनों ने सुना गौतम रास, किए संतों के दर्शन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केसरी वाटिका बिजासन रोड पर चातुर्मास के अन्तर्गत गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. के श्रीमुख से गौतम रास किया गया। गौतम रास का श्रवण करने के लिए 2000 से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। बाहर से और स्थानीय बडी संख्या में आए जैन समाजजनों ने संतों के दर्शन किए। मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने बताया कि सुबह आरती की गई। निर्वाण लाडू चढ़ाए गए, नवकारसी का आयोजन किया।



बंगाली समाजजन का आयोजन जारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बंगाली,समाज सराफा द्वारा श्री सार्वजनिक माँ काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। 8 नवम्बर से शुरू आयोजन का आज अंतिम दिन है। पहले दिन चल समारोह के बाद मां काली का आगमन गार्डन में हुआ था। तीन दिनों तक लगातार पूजा-पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आरती की गई। आज सुबह से विसर्जन आयोजन किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक मातृशक्तियां बडी संख्या में मौजूद है। सिंदूर दान का आयोजन किया जा रहा है। आज दोपहर कार्यक्रम का समापन होगा। बडी संख्या में बंगाली समाज सराफा से जुडे ज्वेलर्स, कारीगर और व्यापारी मौजूद है।

अग्रवाल मंच ने की गोवर्धन पूजा एवं मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर द्वारा महाराजा अग्रसेन की आरती कर गोवर्धन पूजा एवं दीपावली मिलन का आयोजन किया। गणेश गोयल, विजय मित्तल, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल काका, आश्विन गोयल, अरुण गोयल, वीरेन्द्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, विनय गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, विनोद अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

अग्रबंधुओं का मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मनीष बाग, अग्रवाल नगर में दीपोत्सव के उपलक्ष्य में मिलन का आयोजन किया गया। रंगोली भी उकेरी गई। गोविन्द सिंघल अतिथि थे। संतोष सिंघल, अंजलि सिंघल, पिंकी-रवि अग्रवाल, उर्मिला गोयल, राधा अग्रवाल, सुरभि गोयल मौजूद रहे।

भाईदूज अवसर पर आज स्थानीय अवकाश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा वर्ष के लिए घोषित स्थानीय अवकाश के अनुसार भाईदूज पर आज 11 नवम्बर को स्थानीय अवकाश है। उक्त अवकाश बैंक और कोषालय पर लागू नहीं है।



मंगलमय यात्रा पुस्तक का विमोचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुद लता म.सा. के प्रवचनों के आधार पर संकलित पुस्तिका साधना, संयम और आत्मकल्याण की ओर एक मंगलमय यात्रा' का विमोचन किया गया। इसमें सचित्र झलकियां भी प्रकाशित की गई। चातुर्मासी पूरी यात्रा संग्रहण की गई जिसे प्रकाशित किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, अचल चौधरी, प्रकाश भटेवरा, दीपक जैन भटेवरा सहित अन्य मौजूद थे।



बहाई समुदाय रहा युगल अवतार जन्मोत्सव में मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बहाई समुदाय द्वारा बहाई हाउस में बाब और बहाउल्लाह के जन्मदिवसों अर्थात् जुड़वाँ पवित्र जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। बच्चों और युवाओं ने नृत्य एवं लघु नाटिकाओं सहित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।



अन्नकूट महोत्सव में भजन संध्या में श्याम भक्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री श्याम मंडल इंदौर द्वारा स्कीम नंबर 94 क्षेत्र में स्थित कम्यूनिटी हॉल में बाबा श्याम का दरबार सजाकर अन्नकूट प्रसादी और बाबा की भजन संध्या का आयोजन किया। नृसिंह शर्मा, पुष्करलाल शर्मा, जयप्रकाश इंदौरिया, आशीष शर्मा, मनोज चितलांग्या, वीरेंद्र नीमा, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, टिंकेश अग्रवाल, गोरीशंकर शर्मा, राजा शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

पगुड़ी रस्म में औषधीय पौधों का वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



बालकृष्ण तिवारी के निधन के बाद पगडी कार्यक्रम में उनके पुत्र विनोद तिवारी ने पिताजी के पर्यावरण प्रेम को देखते हुए आए निकट के लोगों को 500 औषधीय पौधों का वितरण किया। साथ ही सभी को संकल्प दिलाया गया कि सभी दो साल तक पौधों का संरक्षण करेंगे। राजेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी, विवेक तिवारी, प्रतिभा कश्यप, डॉ. गोपाल कश्यप, दर्शन, सुयश, दर्शिका, आरव, जीपी तिवारी,कमल चौधरी, शिवकांत वाजपेयी, दिव्येश सक्सेना, मनोहर गोरे, दर्शिका हरिओम चौधरी रामकृष्ण कानूनगो, राकेश कपाड़िया, मोनिका अजीताभ चौधरी, राजीव दुबे, लीना संजय गुप्ता, उषा प्रदीप गुप्ता, संध्या अशोक महाजन, प्रियंका गुप्ता, राहुल बजाज, मिना कपाड़िया, सरला भगत, साधना मालती गुप्ता, सुनील सुगंधी, आरव अक्षिता, सुयश तिवारी, कविता राजेंद्र तिवारी, कविता विवेक तिवारी, रेखा विनोद तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



गॉस्पल सिंगर रियलिटी शो

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गॉस्पल सिंगर रियलिटी शो का ग्रैंड फिनाले प्रेरणा सदन, आत्मदर्शन कैंपस में किया गया। 20 राज्यों से आए उभरते हुए गॉस्पल गायकों ने भाग लिया। विजेताओं को बडी राशि उपहार में दी गई।



प्रशिक्षित महिला एवं बालिकाओं को सिलाई मशीन भेंट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पुरानी जेल आजाद नगर के पीछे पूर्वी क्षेत्र कल्याण समिति ने प्रशिक्षित महिला एवं बालिकाओं को सिलाई मशीन भेंट कर मातृशक्तियों का सम्मान भी किया गया। रशीद अब्बासी, शहजाद अब्बासी, अफजल अब्बासी, जाकिर अब्बासी, आरिफ अब्बासी, अलानूर अब्बासी सहित अन्य मौजूद थे।

नया लक्ष्मीबाईनगर स्टेशन बनने के बाद अब ग्रीन मॉडल बनाने की तैयारी

पर्यावरण के हिसाब से अलग स्वरूप देगा रेलवे

स्टेशन की डिजाइन ऐसी कि दिन में भी रहता है पर्याप्त उजाला

इंदौर। लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के री - डेवलपमेंट प्रोजेक्ट कार्य पूरा होने के बाद अब रेलवे रतलाम मंडल की प्लानिंग है कि लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को ग्रीन मॉडल बनाकर तैयार किया जाए। जिसके तहत आधुनिक लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर रेलवे द्वारा री - डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत कई आधुनिक सुविधाओं के साथ अब पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप देने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत इस स्टेशन पर करीब पौने दो सौ के आसपास पौधे लगाकर इसे रेलवे ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित करने जा रहा है। जिस पर काम भी शुरू हो गया है।

शुरुआत से अंत तक नजर आएगी स्टेशन पर हरियाली

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक स्टेशन भवन की शुरुआत से लेकर नवीन स्टेशन की अंतिम छोर तक हरियाली और सुंदरता के लिए रेलवे द्वारा यहां करीब डेढ़ सौ से ज्यादा ऊंची हाइट वाले बड़े पेड़-पौधे लगाए जाएंगे ताकि ऐसे पौधे जल्दी पनप जाए और अपने हिसाब से तैयार भी हो जाए। इसके अलावा बड़े आकार के सजावटी और छायादार पौधों का रोपण भी यहां किया जाएगा। इससे स्टेशन पर छाया भी रहेगी। साथ ही खूबसूरती और हरियाली के साथ पर्यावरण



के हिसाब से भी स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर माहौल और पर्याप्त ऑक्सीजन मिलेंगी। यही नहीं इसको लेकर रेलवे द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी है।

इसके अलावा इस नवीन तैयार स्टेशन भवन की डिजाइन इस तरह से तैयार की गई है कि दिन के समय यहां ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक रोशनी स्टेशन के भीतर प्रवेश कर सकें। जिससे यहां दिन में भी पर्याप्त रोशनी रहती है। यही नहीं स्टेशन के नवीन भवन में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था भी की गई है। जिससे बिजली की खपत भी कम होगी और बिजली की बचत भी होगी। वहीं खास बात यह है कि रेलवे द्वारा इस तरह से नए लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर हरियाली और सुंदरता को ध्यान में रखते हुए पेड़-पौधे लगाने की प्लानिंग कर काम शुरू करने से यात्रियों को इंदौर स्टेशन के बाद अब लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर भी पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और हरियाली ग्रीनरी के साथ छाया भी मिलेगी।

पहले इंदौर स्टेशन से हुई थी हरियाली की शुरुआत

ग़ौरतलब है कि कुछ साल पहले पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत आने वाले इंदौर स्टेशन पर तत्कालीन डीआरएम आर एन सुनकर द्वारा कुछ साल पहले हरियाली को लेकर अनूठे प्रयोग किए थे। जिसके अंतर्गत इंदौर रेलवे स्टेशन पर खाली प्लेटफार्म पर पटरियों के बीच खूबसूरती और ग्रीनरी के लिए पेड़-पौधे लगाकर हरियाली अभियान की शुरुआत की थी। इसके साथ इंदौर स्टेशन पर बीच के करीब एक से डेढ़ किमी हिस्से में सैकड़ों पेड़-पौधों की हरियाली नजर आती है। यही नहीं रेलवे द्वारा इंदौर जंक्शन पर लगे सालों पुराने आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में बचाकर इनको लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शिफ्टिंग करने की प्लानिंग भी है। इसके अलावा नए डेढ़ सौ पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे। इससे भविष्य में लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन ग्रीन मॉडल कहलाएगा।

मूसाखेड़ी में सीएम राइज स्कूल का काम कागजों में उलझा

बाकी जगह हो रहा कार्य, करोड़ों की लागत से आईडीए चार जगहों पर करवा रहा स्कूल बिल्डिंग निर्माण

इंदौर। मूसाखेड़ी में टैंपो स्टैंड चौराहे के पास सरकारी स्कूल की जगह पर बनने वाले सीएम राइज स्कूल (अब सांदीपनी विद्यालय) का काम लंबे समय से जगह के चक्कर कागजों में उलझा पड़ा है। जगह की कमी के कारण सालों से मूसाखेड़ी में लगभग 25 करोड़ की लागत से बनने वाली सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग निर्माण का काम अटका पड़ा है। जबकि शहर में अन्य जगह नवीन स्कूल बिल्डिंग के नव निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहें है। यही नहीं कई जगह तो बनकर भी तैयार हो गए है। जबकि बाकी जगह भी बेहद जल्द इसी साल ज्यादातर जगह बिल्डिंग निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में आईडीए अफसरों द्वारा पूरी प्लानिंग के साथ मल्हार आश्रम, नंदानगर और पाल कांकरिया सहित शिवनगर में सर्व सुविधा के साथ नवीन स्कूल बिल्डिंग का निर्माण तेजी के साथ करवाया जा रहा है ताकि अगले साल तक इन स्थानों पर चल रही स्कूल बिल्डिंग के संपूर्ण निर्माण कार्य जल्द पूरे हो जाए।

मूसाखेड़ी में जगह की कमी के कारण उलझा नई स्कूल बिल्डिंग का काम

गौरतलब है कि सीएम राइज



योजना (अब सांदीपनी विद्यालय) की करोड़ों रुपए लागत वाली नवीन स्कूल बिल्डिंग निर्माण का कार्य शहर में आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके तहत मूसाखेड़ी में सीएम राइज स्कूल के लिए क्षेत्र के जिस सरकारी स्कूल का चयन हुआ था। वहां जगह की कमी के चलते जिस तय माप दंड में आधुनिक सुविधाओं के साथ स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जाना है वो नहीं हो पा रहा था। इसलिए यहां जगह की कमी के चलते प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया सहित प्रोजेक्ट से जुड़े आईडीए अफसरों द्वारा विकल्प के तौर पर कृषि महाविद्यालय की जमीन भी देखी गई थी। लेकिन यहां कृषि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इसका विरोध किया गया और जगह देने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद से मामला ठंडे बस्ते में है। न प्रशासन इस मामले में कोई सुध ले रहा है और न जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है। जिसके चलते अब हालात यह है कि आईडीए द्वारा शहर में अन्य जगह तो स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य तेजी के साथ करवाया जा रहा है, लेकिन मूसाखेड़ी में मिलने वाली सीएम राइज स्कूल की सौगात अधूरी रह गई। यहां जगह के चक्कर में अभी तक काम शुरू ही नहीं हो पाया।

बंगाली चौराहे के पास होगा एक और बगीचा तैयार

ग्रीन बेल्ट के उजाड़ हिस्से में डेढ़ करोड़ खर्चकर होगा नए पार्क का विकास

इंदौर। विधानसभा पांच के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 41 से जुड़े बंगाली चौराहे की सर्विस रोड से लेकर सेंडविच दुकान के सामने वाले हिस्से में सालों से उजाड़ ग्रीन बेल्ट को संवार नया बगीचे का विकास करने की तैयारी शुरू हो गई है। विधायक महेंद्र हार्डिया ने बताया जिस तरह शकुंतला हॉस्पिटल के सामने वाले बगीचे में निगम के प्रयास से लाखों रुपए खर्च कर क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए आकर्षक बगीचा बनाया गया है उसी तर्ज पर निगम के प्रयासों से आने वाले दिनों में बंगाली चौराहे की दूसरी ओर गोयल नगर वाली सर्विस रोड पर चौराहे से सपना सेंडविच के सामने तक के हिस्से में सालों से उजाड़ पड़े ग्रीन बेल्ट में करीब डेढ़ करोड़ के आसपास खर्च कर आकर्षक बगीचे का नवनिर्माण किया जाएगा।

बच्चों से लेकर बड़ों तक के मनोरंजन का रखा जाएगा ध्यान

खास बात यह है कि डेढ़ करोड़ की लागत से ग्रीन बेल्ट में तैयार होने वाले नए बगीचे



में क्षेत्र के आसपास की कॉलोनी के बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग सीनियर सिटीजन की जरूरत और मनोरंजन का भी ध्यान रखा जाएगा। जिसके तहत इस तरह से प्लानिंग की गई है कि यहां शकुंतला हॉस्पिटल के सामने बने बगीचे की तर्ज पर संपूर्ण ग्रीन बेल्ट के बगीचे में हरियाली के साथ लंबा चौड़ा वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा। लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था रखी जाएगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद के समान रखें जाएंगे। साथ ही सीनियर सिटीजन और महिलाओं के लिए छत वाले झूले लगाए जाएंगे। रोशनी के लिए 25 से ज्यादा पोल पर आकर्षक लाइटिंग लगाई जाएगी। लोगों की सेहत के लिए विधायक हार्डिया की विधायक निधि से जिम के आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। जहां सुबह शाम लोग आकर कसरत और व्यायाम कर अपने शरीर को भी स्वस्थ रख पाएंगे साथ ही ताजी हवा और हरियाली का आनंद ले पाएंगे। इसको लेकर पिछले दिनों भूमि पूजन भी हो चुका है वही कहा जा रहा है कि अब बेहद जल्द यहां निर्माण कार्य और बगीचे का विकास कार्य शुरू करने की तैयारी है।

डीएवीवी से जुड़े सांवेर सरकारी कॉलेज में नवीनीकरण

पीडब्ल्यूडी दो करोड़ से ज्यादा खर्चकर करेगा काम

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से जुड़े सांवेर शासकीय कॉलेज में लोकनिर्माण विभाग का पीडब्ल्यूडी का पीआईयू विभाग द्वारा 2 करोड़ से ज्यादा की लागत से नवीनीकरण और संवारने के कार्य शुरू होंगे। जिसके अंतर्गत कॉलेज में होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मल्टीपरपज आधुनिक भव्य हॉल का नव निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया के तहत इस कार्य के लिए निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में बहुत जल्द कॉलेज में नवनिर्माण और नवीनीकरण के कार्य शुरू होंगे।



संपादकीय

2026 में भी बढ़ता रहा धरती का तापमान, जलवायु संकट से निपटने में कहां चूक रही दुनिया

धनी और विकसित देशों में जलवायु परिवर्तन और उसकी वजहों को लेकर चिंता जताई जाती है, लेकिन उससे निपटने के मामले में गंभीरता नहीं दिखती। अगर किसी समस्या का कारण ज्ञात नहीं हो और उसका स्वरूप जटिल होता जाए, तो उसके संदर्भों को समझा जा सकता है। मगर इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक ताप के मसले पर दुनिया लंबे समय से चिंता जता रही है, उसके कारणों पर दशकों से बात हो रही है, इसके समाधान के रास्तों की तस्वीर भी साफ है, मगर स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। खासतौर पर धनी और विकसित देशों में जलवायु परिवर्तन और उसकी वजहों को लेकर चिंता जताई जाती है, लेकिन उससे निपटने के मामले में गंभीरता नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक ताप का असर अब हर जगह स्पष्ट होकर सामने आने लगा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की एक ताजा रपट के मुताबिक वर्ष 2026 को ज्ञात मौसम इतिहास के चार सबसे गर्म वर्षों में से एक बताया गया है। गौरतलब है कि इस वर्ष जनवरी से सितंबर के बीच की अवधि में वैश्विक औसत तापमान पूर्व औद्योगिक काल के मुकाबले 1.47 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। हालांकि 2026 में तापमान में बढ़ोतरी की एक अहम वजह अल-नीनो के प्रभाव को बताया जा रहा है, जो बीते अगस्त से लगातार जोर पकड़ रहा है और दिसंबर तक इसके सबसे शक्तिशाली स्तर पर पहुंचने की आशंका है। मगर मौसम में इस तरह के उतार-चढ़ाव का सिरा भी वास्तव में उन्हीं कारकों से जुड़ा है, जिसे दुनिया भर में विकास के नाम पर बढ़ावा दिया जा रहा है। यह छिपा नहीं है कि तापमान में बढ़ोतरी और फिर उसकी वजह से मौसम में उथल-पुथल का एक चक्र बनता है, जिसमें सभी कड़ियां एक दूसरे से जुड़ी होती हैं। मगर जब इसके लिए जिम्मेदार कारकों में मानवीय गतिविधियों और विकास की कसौटियों की बात आती है, तो पर्यावरण का सवाल हाशिये पर चला जाता है। वैश्विक ताप या जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे मुख्य जिम्मेदार कार्बन उत्सर्जन को ठहराया जाता है। मगर सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले विकसित देश आमतौर पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं और इस मामले में पहलकदमी के साथ निर्वाह का दायित्व विकासशील देशों पर डाल देते हैं। यों पिछले कुछ समय से वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की ओर से यह सवाल उठाया गया है कि जब तक समृद्ध और विकसित देश वैश्विक ताप के मसले पर बराबर की सहभागिता के लिए कदम नहीं बढ़ाते, तब तक इस समस्या के जाल से बाहर आना मुश्किल होगा। दरअसल, कहीं विकास के नाम पर जारी गतिविधियों, तो कहीं सांस्कृतिक पर्व-त्योहारों के मौके पर जिस तरह पर्यावरण पर संकट की फिक्र को हवा में उड़ाया जाता रहता है, उससे साफ है कि आबोहवा को लेकर हम वास्तव में चिंतित नहीं हैं, भले इसका खमियाजा भी हमें उठाना पड़ता है। वह चाहे नए साल के आगमन का मौका हो या कई समुदायों के अपने-अपने पर्व-त्योहार, उसमें मुख्य रूप से आतिशबाजी सहित अन्य अनेक ऐसी गतिविधियां होती हैं, जिनसे होने वाला प्रदूषण आखिर समूची दुनिया के लिए घातक साबित होता है। विचित्र यह है कि वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए जो आयोजन होते रहते हैं, खुद उसमें ही जीवाश्म ईंधन के बेलगाम उपयोग के मसले की अनदेखी होती है। संकट के प्रति दिखने वाली चिंता और उसके कारणों को नजरअंदाज करने के बीच आखिर कैसी स्थिति बनेगी? ध्यान रखने की जरूरत है कि मौसम का गर्म रहना इसका सिर्फ एक प्रभाव है, दुनिया को इसके अलग-अलग असर का सामना करना पड़ सकता है।



डिवाइडर पर चढ़ी कार क्षतिग्रस्त



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के एबी रोड स्थित बसंतपुरी कालोनी के सामने एर्टिका कार डिवाइडर पर चढ़ने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। सूत्रों के मुताबिक कार को वहीं से गुजर रहे आर्मी के ट्रक से टक्कर लगी थी। हालांकि मामले की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भाई के साथ मारपीट की शिकायत करने गई बहन के सिर पर डंडे से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आजाद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भाई के साथ हुई मारपीट का विरोध करना और पूछताछ करना एक युवती को भारी पड़ गया। आरोपी ने भाई के बीच-बचाव में आई बहन के सिर पर डंडे से जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जाते-जाते आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना मालवीय नगर इलाके की है। फरियादी शारदा गोयल निवासी मालवीय नगर ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कुछ समय पहले आरोपी दीपक परमार निवासी शांति नगर ने उनके भाई चंदन के साथ झगड़ा कर उसके साथ मारपीट की थी। इसी बात की शिकायत करने और यह पूछने के लिए कि उसने उनके भाई को क्यों मारा है, शारदा गोयल आरोपी दीपक के पास बातचीत करने गई थीं। जैसे ही शारदा ने उससे सवाल किया, आरोपी दीपक भड़क गया और उन्हें गालियां देने लगा। जब शारदा ने उसे गालियां देने से मना किया, तो गुस्से में आकर दीपक ने पास रखा डंडा उठाया और सीधे उनके सिर पर दे मारा। हमले में शारदा के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के दौरान मौके पर मौजूद ललिताबाई और बेलवाई नामक महिलाओं ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। जाते-जाते आरोपी दीपक धमकी देते हुए कह रहा था कि आज तो तू बच गई, लेकिन अगर आइंदा मुझे समझाने या बीच में आई, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

युवक पर डंडे से हमला

रिक्शा के सामने आने पर उपजा विवाद...

इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रास्ते में रिक्शा रोकने और सामने आने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक युवक के साथ जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी ने गुस्से में आकर पास पड़ा लकड़ी का डंडा उठाया और पीड़ित के सिर व हाथ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है पुलिस के अनुसार, यह घटना गांधी नगर स्थित गड्ढा मल्टी के पास की है। फरियादी जयप्रकाश पिता शिवाजी चंदने, निवासी गड्ढा मल्टी, गांधी नगर ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी रिक्शा लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक मोहम्मद सादिक पिता गुलाम रसूल, निवासी न्यू मुस्लिम कॉलोनी, गांधी नगर उनकी रिक्शा के सामने आ गया। सामने आने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर मोहम्मद सादिक गुस्से में आकर जयप्रकाश को गालियां देने लगा। जब जयप्रकाश ने उसे गालियां देने से मना किया, तो आरोपी सादिक ने पास ही पड़ी एक लकड़ी का डंडा उठाया और उन पर हमला बोल दिया। डंडे से किए गए वार के कारण जयप्रकाश की गर्दन और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।?मारपीट के दौरान आरोपी ने उन्हें जान से खत्म करने की धमकी भी दी।

4.5 किलो अवैध गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

पूर्व से दर्ज हैं 8 से अधिक प्रकरण

इंदौर। क्राइम ब्रांच टीम ने एम.आर.04 रोड स्थित भंडारी ब्रिज के पास से घेराबंदी कर एक शातिर तस्कर को धरदबोचा है, जिसके कब्जे से साढ़े चार किलो से अधिक अवैध गांजा जब्त किया गया है। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, पुलिस टीम शहर में गश्त और चेकिंग के दौरान एम.आर.04 रोड, भंडारी ब्रिज के पास पहुँची थी। इसी दौरान वहाँ एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी लेकर बैठा हुआ दिखाई दिया। पुलिस बल को पास आते देख वह हड़बड़ाकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे सतर्क टीम ने त्वरित घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आकाश चिलेगिया निवासी विजयनगर क्षेत्र बताया। संदिग्ध प्रतीत होने पर जब उसकी बोरी की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर से 4.503 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ 'गांजा' बरामद हुआ। जब्त किए गए इस गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 45,000/- आंकी गई है।पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आकाश चिलेगिया एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में मारपीट, अड़ीबाजी और जुआ एक्ट जैसे कुल 08 गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।कक्षा 10वीं तक शिक्षित आरोपी फूल बेचने का कार्य करता है, लेकिन आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहता है। क्राइम ब्रांच इंदौर ने आरोपी आकाश चिलेगिया के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर यह गहनता से पूछताछ कर रही है कि वह यह भारी मात्रा में गांजा किससे और कहाँ से खरीदकर लाया था तथा इस अवैध नेटवर्क में उसके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

अवैध चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार, नगर निगम जोन के पास से पकड़ाया

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पंढरीनाथ थाना पुलिस ने एक आरोपी को धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध चरस जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लेकर आया था और किसे बेचने की फिराक में था। पंढरीनाथ थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नगर निगम जोन के पास स्थित गार्डन क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ बेचने की नीयत से घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और संदिग्ध को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शहजाद निवासी खजराना के रूप में हुई है। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली, तो उसके पास से कुल 18.33 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। जब्त की गई इस चरस की कुल अनुमानित कीमत करीब 20,000 रुपए है। पंढरीनाथ थाना पुलिस ने आरोपी शहजाद के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस अवैध नशे के कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हैं तथा वह यह खेप किससे प्राप्त करता था।

शराब पार्टी में विवाद के बाद दोस्त का कटर से काटा गला

इंदौर। सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम रिंगनोदिया में कंपनी की छुट्टी के दौरान रखी गई एक शराब पार्टी में खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। शराब मांगने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपने ही साथी के गले पर प्लास्टिक काटने वाले कटर से हमला कर दिया। गले में गंभीर घाव होने से पीड़ित लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी मौके से चंपत हो गया।

पुलिस के अनुसार, यह घटना ग्राम रिंगनोदिया स्थित एक किराए के मकान की है। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक का नाम भरत निवासी डॉल्फिन कॉलोनी, बड़ोदिया ऐमा है। भरत की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी गौतम के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरियादी भरत ने पुलिस को बताया कि कंपनी की छुट्टी होने के कारण आरोपी गौतम ने अपने किराए के कमरे पर दोस्तों के लिए पार्टी रखी थी। खाना खाने के बाद आरोपी गौतम और शराब पीने की जिद करने लगा। इस पर जब भरत ने उससे कहा कि तू अब यहां से चला जा, और शराब नहीं मिलेगी तो गौतम आपा खो बैठा। उसने पास में पड़ा प्लास्टिक काटने वाला कटर उठाया और सीधे भरत के गले पर वार कर दिया। कटर लगते ही भरत की गर्दन से तेजी से खून बहने लगा और वह वहीं गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी गौतम मौके से भाग निकला, जिसकी तलाश में सांवेर पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
143500	141200
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
188300	186430

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की 14 सदस्यीय टीम का ऐलान

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को सौंपी गई है। टॉम ब्लंडेल विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे। टीम में डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र , डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी जगह मिली है।

रचिन रवींद्र भी इस टीम का हिस्सा हैं। भारतीय मूल के इस खिलाड़ी को टी20 और वनडे टीम में शामिल नहीं किया गया था। प्रमोशनल शूट के दौरान वह चोटिल हुए थे। इस वजह से वह कीवी टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन टेस्ट टीम में उनकी वापसी हुई है। तेज गेंदबाज जैकब डफी की भी टीम में वापसी हुई है। वह इंग्लैंड दौरे पर न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थे। इस बार उन्हें भारत के खिलाफ सीरीज के लिए मौका मिला है। उनके अलावा मैट हेनरी, काइल जैमीसन, नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। डफी ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसी वजह से उन्हें टेस्ट टीम में भी चुना गया है।



न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी में टॉम लाथम, डेवोन कॉनवे, विल यंग, हेनरी निकोल्स और डेरिल मिचेल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, रचिन रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स टीम को ऑलराउंडर के रूप में मजबूती देंगे। मिचेल सैंटनर स्पिन गेंदबाजी की अगुवाई कर सकते हैं।

भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज शेड्यूल

टेस्ट	तारीख	मैदान
पहला टेस्ट	19-23 नवंबर	बेसिन रिजर्व, वेलिंगटन
दूसरा टेस्ट	27 नवंबर-2 दिसंबर	हेगले ओवल, क्राइस्टचर्च

भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर)ड, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, साई सुदर्शन, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज।

VS

न्यूजीलैंड टीम: टॉम लाथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

आर्यवीर ने पिता वीरेंद्र सहवाग से वादा किया था कि वह बड़ा स्कोर बनाएंगे

अल अमरात (ओमान)। आर्यवीर सहवाग ने यूएई के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप 2026 में शतकीय पारी खेली । भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला था। टीम ने इस मैच को 70 रनों से अपने नाम किया। सलामी बल्लेबाज करने उतरे आर्यवीर के बल्ले से 160 रनों की पारी निकली । उन्होंने 168 गेंदों का सामना किया और 17 चौकों के अलावा 7 छक्के मारे । आर्यवीर को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला।

आर्यवीर सहवाग ने 13 गेंद डॉट खेलने के बाद 14वीं बार खाता खोला था । उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच लेने के बाद इंटरव्यू में कहा कि काफी अच्छा लग रहा है। विकेट थोड़ी घूम रही थी। शुरुआत में मैंने फैसला किया कि लंबा खेलना है और 40 ओवरों तक टिके रहना है। विकेट मुश्किल थी और मुझे डॉट गेंद खेलने में दिक्कत नहीं थी क्योंकि मुझे पता था कि मैं बाद में मैनेज कर लूंगा।



19 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग ने बताया कि उन्होंने अपने पिता वीरेंद्र सहवाग से वादा किया था कि वह बड़ा स्कोर बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा- मैं एक बड़ा स्कोर बनाना चाहता था। मैंने किसी से वादा किया था कि आज मैं एक बड़ा स्कोर बनाऊंगा, और अच्छी बात यह है कि मैंने ऐसा कर दिखाया। वह इंसान मेरे पिता (वीरेंद्र सहवाग) हैं। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं एक बड़ा शतक लगाऊंगा। मुझे एक विरासत को आगे बढ़ाना है, क्योंकि उन्हें सिर्फ बड़े शतक ही पसंद हैं।

सऊद शकील शतक लगाने से चूके

पाकिस्तान ने तीन विकेट लेकर श्रीलंका को प्रेशर में डाला

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में जारी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। पहली पारी 434/9 के स्कोर पर घोषित करने के बाद पाकिस्तान ने दूसरे दिन की समाप्ति तक श्रीलंका के 3 विकेट हासिल कर लिए हैं। मेहमान टीम के खाते में फिलहाल 114 रन हैं। बाबर आजम की टीम के पास अभी भी 320 रनों की बढ़त है।

श्रीलंका की शुरुआत खराब रही औ 12 रन पर ही दो विकेट गिर चुके थे। ओपनर पसिंदु सूरियाबंडारा का खाता नहीं खुला तो अनुभवी दिनेश चंडीमल सिर्फ एक रन बना सके। इसके बाद कामिंदु मेंडिस ने लाहिरू उदारा के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। लाहिरू 52 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद कामिंदु मेंडिस (नाबाद 40) ने धनंजय डी सिल्वा (नाबाद 22) के साथ 49 रन की अटूट साझेदारी करते हुए श्रीलंका को शतक के पार पहुंचाया। मेजबान टीम से साकिब खान ने 2 विकेट अपने नाम कर लिए हैं, जबकि मोहम्मद अब्बास को 1 विकेट हाथ लगा है।

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम को अजान ओवैस और तैयब आरिफ की सलामी जोड़ी ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की।

सिंधी समाजजन रहेंगे साहित्य सम्मेलन में मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिंधी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश द्वारा 14 व 15 नवंबर को कैट रोड स्थित पुण्य होटल और रिसॉर्ट में अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन का आयोजन इंदौर में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में 9 सत्र होंगे। शुभारंभ 14 नवम्बर को सांसद शंकर लालवानी करेंगे। बड़ी संख्या में सिंधी समाज से जुड़े पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे। देशभर के साहित्यकार, लेखक, कवि शामिल होंगे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. रवि प्रकाश टेकचंदानी, डॉ. कमला गोकलानी, अशोक मनवानी, नारी लछवानी, डॉ विमी सदारंगानी, कन्हैयालाल मोटवानी, राजेंद्र सचदेव, नंदकुमार सम्मुखानी, नामेश तलरेजा, विनीता मोटलानी, संजय वर्मा, नादिया मसंद, कैलाश, रश्मि रामानी, किरण परियानी, डॉ. दिलीप भावनानी, द्रौपदी चंदनानी, बल्लू चोइथानी, खीमन मुलानी, अशोक जमनानी, भगवान बाबानी, मनोज चावला, कविता इसरानी, नामदेव ताराचंदानी, डॉ. माला, कैलाश, हर्षा मूलचंदानी, प्रकाश तेजवानी, डॉ. जयेश शर्मा, डॉ. तमन्ना लालवानी अपनी भूमिका निभाएंगे।

आगामी वर्ष में जिला न्यायपालिका में प्रथम और तृतीय शनिवार को अवकाश रहेगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि आगामी वर्ष- 2027 में जिला न्यायपालिका में ग्रीष्मकालीन अवकाश 17-मई से 11- जून तक और शीतकालीन अवकाश 25-दिसम्बर से 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। वर्ष 2027 में जिला न्यायपालिका में साल के 365 दिन में से केवल 106 दिन अवकाश रहेगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल ने मध्यप्रदेश की जिला न्यायपालिका के लिए वर्ष 2027 के प्रस्तावित अवकाशों की टेन्टटीव लिस्ट जारी कर दी है। टेन्टटीव सूची के अनुसार वर्ष 2027 में जिला न्यायपालिका में (जिला व सत्र न्यायालय और उसके अधीनस्थ न्यायालयों में) 52 - दिन रविवार,24 - दिन प्रथम व तृतीय शनिवार और 30 - दिन विभिन्न पर्व और त्यौहारों के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा।

त्योहार पर युवाओं को ड्रग्स सप्लाई करने की फिराक में था तस्कर

1.20 लाख की ब्राउन शुगर के साथ शातिर गिरफ्तार

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हीरानगर थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने त्योहार के मद्देनजर युवाओं को ड्रग्स सप्लाई करने वाले एक शातिर तस्कर को धरदबोचा है, जिसके कब्जे से 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत की अवैध ब्राउन शुगर जब्त की गई है। आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले से ही कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

हीरानगर थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और भ्रमण ड्यूटी के दौरान संदिग्धों की चेकिंग करते हुए बीमा अस्पताल के पीछे पहुँची थी। इसी दौरान बीमा अस्पताल के पीछे शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस बल को अपनी ओर आते देख भागने की फिराक में था। सतर्क टीम ने त्वरित घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहित उर्फ मोनू उर्फ मीठा पिता शिवनारायण रभाणे, निवासी भागीरथपुरा के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर आरोपी के पास



से 11.34 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1,20,000 है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी मोहित उर्फ मोनू एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में मारपीट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस और आबकारी एक्ट के तहत कुल 09 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

बदमाशों ने लोहे की बाउंड्री पर सिर पटककर किया घायल

इंदौर। एमजी रोड थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक गांधी हॉल परिसर के पास दो अज्ञात बदमाशों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। बात बढ़ने पर आरोपियों ने पीड़ित का सिर लोहे की बाउंड्री वॉल से दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना एमजी रोड थाना क्षेत्र के गांधी हॉल परिसर की है। फरियादी अभिषेक पिता अनिल वर्मा, निवासी मच्छी बाजार, रानीपुरा ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वे गांधी हॉल के पास मौजूद थे। इसी दौरान वहां दो अज्ञात व्यक्ति आए और उन पर शोर शराबा करने का आरोप लगाते हुए हुज्जत करने लगे। अभिषेक ने जब इसका विरोध करते हुए कहा कि वे कोई शोर नहीं कर रहे हैं, तो दोनों अज्ञात आरोपियों में से एक ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया और हाथ-थप्पड़ों से मारपीट करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि दूसरे अज्ञात आरोपी ने अभिषेक को पकड़कर पास ही बने बगीचे की लोहे की बाउंड्री पर सिर जोर से मार दिया। इस हमले में अभिषेक के सिर पर गंभीर चोट आई और तुरंत खून बहने लगा। घटना के बाद दोनों अज्ञात बदमाश मौके से धमकी देते हुए फरार हो गए।

मामूली बात पर युवक से मारपीट

इंदौर एकेडमी ने दिल्ली में लहराया परचम, बनी राष्ट्रीय चैंपियन



इंदौर। मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 'इंदौर बेसबॉल एकेडमी' की टीम ने दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026–27 का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया है। देशभर से आई 21 टीमों के बीच कड़े मुकाबले में इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

इस टूर्नामेंट का आयोजन 'लिटिल लीग कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया' द्वारा किया गया था, जो बेसबॉल और सॉफ्टबॉल की आधिकारिक वैश्विक संस्था 'लिटिल लीग इंटरनेशनल बेसबॉल एंड सॉफ्टबॉल' से मान्यता प्राप्त है।

इंदौर की टीम ने तीन अलग-अलग आयु वर्गों में अपने प्रतिभावान खिलाड़ियों के दम पर यह स्वर्णिम सफलता हासिल की: अंडर-9 वर्ग में मोहम्मद शोएब, व्योम ढाका, लौकिक अग्रवाल, विवांश नामदेव, सारांश पाटीदार, रेयांश रासनकर, यशार्थ श्रीनेत, वेदिका गुप्ता, देवांशी शेरावत और अयांश ओझा।

अंडर-12 वर्ग में जेविका राजवानिया, स्वर्ण मुरमकर, लविश जरिया, साद मोंडल, कृपाशं वर्मा, जानवी दया, प्रियंशी बारगल, गौरव कुमार मेहर, एस.एल. कार्तिक बड़गोटी हिमांश तिवारी, अक्षत राठौर और शुभान शेख।

अंडर-14 वर्ग में लव पगारे, दिव्यांश खाखरिया, वंश यादव, प्रथम चौहान, प्रतीक चौहान, समीक्षा उपाध्याय, प्रियांशी पाटीदार, राजश्री परमार, निहारिका यादव, प्रीति रूपचंदानी और अंश चौहान। टीम को यह ऐतिहासिक सफलता दिलाने में मुख्य कोच जितेन्द्र शिंदे, प्रभा त्रिपाठी और विनीता तिवारी का सराहनीय मार्गदर्शन रहा। इंदौर एकेडमी के प्रबंधन, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने सभी बाल खिलाड़ियों को उनकी लगन, उत्कृष्ट प्रदर्शन और इस भव्य राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए हेमंत कुमार, मनोज गिरी, रजनीश त्रिपाठी, राज सिंह एवं गौरव जोशी, तिथि रामटेके ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

न्यूज इन बॉक्स

कल कुश्ती स्टेडियम में राज्य टीम का चयन होगा

इंदौर। छोटा नेहरू कुश्ती स्टेडियम इंदौर में 12 नवम्बर को ओलिंपियन पप्पू यादव के नेतृत्व में भारतीय शैली की राज्य टीम का चयन सुरेश यादव सचिव मध्यप्रदेश कुश्ती संघ द्वारा एक दिवसीय राज्य कुश्ती चयन ट्रायल्स 12 नवम्बर को किया जावेगा । मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि पहलवानों का वजन 10 से 12 बजे तक लिया जावेगा । इसमें मध्यप्रदेश का कोई भी पहलवान भाग ले सकता है। इसके विजेता पहलवान 17 से 19 नवंबर तक आगरा में राष्ट्रीय ट्रेडिशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें भाग लेने वाले पहलवान एनआईएस कुश्ती कोच केजस यादव, गोविंद गुर्जर, विकास यादव से संपर्क कर सकते है।

ओपन फीडे रेटिंग इनामी शतरंज स्पर्धा में 15 को

इंदौर । ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एकदिवसीय डॉ. अजीत कासलीवाल मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटिंग इनामी शतरंज स्पर्धा का आयोजन 15 नवंबर को इंदौर पब्लिक स्कूल, मैन कैम्पस राऊ, इंदौर में किया जा रहा है । आयोजन सचिव अनिल फतेहचंदानी एवं पीयूष जमींदार ने जानकारी दी कि स्पर्धा के विजेताओं को 1,50,000 रुपए नगद राशि, ट्रॉफी एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा । इस स्पर्धा में गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित 300 खिलाड़ी 150 टेबलों पर अपना शतरंज खेल का मैच खेलेंगे। इस प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, सीनियर एवं वेटरन (55 वर्ष से अधिक) वर्गों में पुरस्कार दिए जाएंगे । स्पर्धा संचालक डॉ. सुनील सोमानी एवं शैलेन्द्र पाबले ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेली जाएगी । स्पर्धा में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इंटरनेशनल मास्टर आईएम रेलवे के हिमाल गुसेन– रेटिंग 2251 भी खेल रहे है । वहीं सबसे युवा खिलाड़ी कियांश आनंदानी है, जिनकी आयु मात्र 5 वर्ष है । वहीं सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में 71 वर्षीय लक्ष्मी नारायण राठौड़ भी इस स्पर्धा में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे ।

अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

भारत की पाक से फिर हो सकती है भिड़ंत



नई दिल्ली। ओमान में खेले जा रहे अंडर-19 एशिया कप 2026 में भारतीय युवा ब्रिगेड ने अपनी बादशाहत साबित करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। ग्रुप स्टेज के एक बेहद अहम और निर्णायक मुकाबले में टीम इंडिया ने यूएई अंडर-19 को 70 रनों के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी। यूएई पर मिली इस एकतरफा और धमाकेदार जीत के साथ ही भारतीय टीम ने नॉकआउट स्टेज का टिकट कटा लिया है। भारत की इस जीत के साथ ही पूरे क्रिकेट जगत में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबले में होने वाली संभावित भिड़ंत को लेकर उत्साह का माहौल बन गया है।

भारत का सामना अफगानिस्तान से, पाकिस्तान भिड़ेगा बांग्लादेश से- टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की तस्वीर अब पूरी तरह से साफ हो चुकी है और दोनों पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों के सामने सेमीफाइनल की अलग-अलग चुनौतियां हैं। पहला सेमीफाइनल भारत बनाम अफगानिस्तान और दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश के मध्य होगा ।

गणित बिल्कुल साफ और रोमांचक है। यदि भारतीय टीम सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को धूल चटाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश पर जीत दर्ज कर लेती है, तो अंडर-19 एशिया कप 2026 के ग्रैंड फाइनल में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना होगा।

टीम इंडिया के पास होगा 8 नवंबर की हार का बदला लेने का मौका- यदि दोनों टीमें अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश करती हैं, तो यह मुकाबला सिर्फ एशिया कप ट्रॉफी जीतने की जंग नहीं होगा, बल्कि भारत के पास हिसाब चुकता करने का सबसे बड़ा मंच होगा। दरअसल, इसी टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में 8 नवंबर को खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 3 विकेट से हरा दिया था। उस हार के बाद भारतीय टीम ने यूएई के खिलाफ शानदार वापसी की है। अब किस्मत ने टीम इंडिया को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर उस हार का बदला लेने और चैंपियन बनने का एक अच्छा अवसर दे दिया है।

बैंच प्रेस प्रतियोगिता के लिए चयन स्पर्धा 14 को

इंदौर। इंदौर डिस्ट्रिक्ट महिला व पुरुष इक्यूपड व क्लासिक बैंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाली इंदौर कॉर्पोरेशन टीम व इंदौर डिस्ट्रिक्ट सबजूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर्स इक्यूपड व क्लासिक बैंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन 14 नवंबर 2026 को श्री राम जिम, रोबोट स्क्वेर, एम. आर. 9 पर किया जाना है । खिलाड़ियों का चयन श्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ का किया जाएगा । खिलाड़ी अपने जन्म संबंधी दस्तावेज (जन्म प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड या 10वी अंकसूची) की फोटोकॉपी एवं ओरिजनल साथ लाए । प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित आयु वर्ग इस प्रकार रहेगा ।

प्रतियोगिता में सबजूनियर (14 से 18 वर्ष), जूनियर (19 से 23 वर्ष), ओपन वर्ग (19 वर्ष से अधिक), मास्टर्स 1 (40 से 49 वर्ष), मास्टर्स 2 (50 से 59 वर्ष), मास्टर्स 3 (60 से 69 वर्ष), मास्टर्स 4 (70 वर्ष से अधिक) के मुकाब ले होंगे । भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को कीट - लूज कॉस्टयूम, राउंड नेक टी शर्ट, लॉन्ग शॉक्स अनिवार्य है । जो खिलाड़ी दोनो प्रतियोगिता इक्यूपड व क्लासिक में भाग लेना चाहता है उसे दोनों प्रतियोगिता की एंट्री करानी रहेगी ।

खिलाड़ियों का वज़न 13 नवंबर को की शाम 5 से 8 बजे तक श्री राम जिम एम आर 9 लिया जाएगा । प्रतियोगिता- 14 नवंबर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। अधिक जानकारी के लिए जितेंद्र स्वामीस, चिराग जोशी, विकास जोशी, सुमित पालीवाल, दिलीप भूरिया।



इंदौर के निलेश वेद भारतीय पैरा टीमों के प्रशिक्षक नियुक्त

इन्दौर। थाइलैंड के पटाया में 13 से 19 नवंबर तक खेली जाने वाली आई.टी.टी.एफ. पैरा विश्व टेबल टेनिस चेम्पियनशिप 2026 में भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाडियों का 5 सदस्यीय दल शरीक होगा। स्पर्धा में भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश के निलेश वेद प्रशिक्षक नियुक्त किया है। भारतीय दल आज 11 नवंबर को दिल्ली से बैंकाक रवाना होगा।

मनु भाकर और ईशा सिंह गोल्ड जीतने के बाद भी खाली हाथ



दोहा। आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में ईशा सिंह , मनु भाकर और दिव्या थाडिगोल सुब्बाराजू ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में गोल्ड पर निशाना साधा। इसके बाद भी व्यक्तिगत फाइनल में स्टार निशानेबाज मनु और ईशा 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का मौका चूक गईं। व्यक्तिगत फाइनल में ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं, जबकि दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं।

दक्षिण कोरिया की यांग जिन ने 44 अंकों के विश्व रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वियतनाम की त्रिन्ह थू विन्ह ने 43 अंकों के साथ सिल्वर और चीन की झांग यूयू ने 34 अंकों के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। तीनों पदक विजेताओं ने अपने-अपने देशों के लिए 2028 ओलंपिक का कोटा भी सुनिश्चित किया। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। दोनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में अपना प्रदर्शन बरकरार नहीं रख सकीं। इस चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कुल 36 कोटा दांव पर हैं। हाल ही में आइची-नागोया में हुए एशियाई खेलों में इसी स्पर्धा का व्यक्तिगत रजत पदक जीतने वाली ईशा का प्रदर्शन फाइनल में बेहद निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमशः एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह 20 में से केवल 11 हिट के साथ उन्हें सबसे पहले प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। मनु ने कई शूटऑफ में जगह बनाकर पदक की उम्मीदें कायम रखीं, लेकिन आखिरकार वह चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल 27 हिट हासिल किए।

राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट 16 से

इंदौर । मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब के द्वारा तृतीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट का आयोजन 16 नवम्बर से किया जाएगा। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के सचिव अनिल धूपर ने बताया कि इस राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट के क्वालीफांइग राउण्ड 13 से 15 नवम्बर को खेले जाएंगे तथा मुख्य दौर 16 से 21 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय रैंकिंग टूर्नामेन्ट में प्रदेश भर से लगभग 300 खिलाड़ीगण भाग लेंगे। इस राज्य स्तरीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेन्ट में बालक वर्ग-12 वर्ष आयु, 14 वर्ष आयु, 18 वर्ष आयु बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु, 14 वर्ष आयु, महिला एकल तथा पुरूष एकल व युगल वर्ग रखे गए हैं।

रुपयों के लेनदेन के विवाद में युवक पर चलाई गोली

पेट्रोल पंप के पास की थी घेराबंदी, गंभीर युवक अस्पताल में भर्ती

इंदौर। सांवेर थाना क्षेत्र में लेनदेन के पुराने विवाद को लेकर बदमाशों ने एक युवक को रास्ते में घेरकर लहूलुहान कर दिया। आरोपियों ने पहले उसके साथ जमकर मारपीट की और फिर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। जांघ में गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।


पुलिस के अनुसार, यह वारदात सांवेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धरमपुरी में पेट्रोल पंप के सामने जैतपुरा ब्रिज के पास बीती रात हुई। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की पहचान अरविंद पिता राजाराम गवलिया निवासी ग्राम मुंडला हुसैन, क्षिप्रा के रूप में हुई है। पीड़ित अरविंद ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि रात के वक्त जब वह उक्त स्थान से गुजर रहा था, तभी आरोपी नयन पिता मदनलाल मंडलोई, निवासी ग्राम पालिया, सोनू सिगरेट निवासी इंदौर और उनके एक अन्य साथी ने उसे पेट्रोल पंप के पास घेर लिया।

आरोपियों ने पुरानी रंजिश और पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर उसे जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया। जब अरविंद ने इसका विरोध किया और अभद्रता करने से मना किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि उनमें से एक आरोपी ने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर अरविंद पर तान दी और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी ने अचानक जमीन की तरफ फायर कर दिया। गोली जमीन से टकराकर उछली और सीधे अरविंद की जांघ में जा लगी, जिससे खून बहने लगा और उसे दो घाव हो गए। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग जुटे, तो आरोपी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही सांवेर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहाँ उसका इलाज जारी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें फरार आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हैं।

धूं-धूं कर जल उठी भंगार कार स्क्रेप गोडाउन में भीषण आग

एरोड्रम क्षेत्र के मकान, कचरा प्लांट और ट्रेचिंग ग्राउण्ड में भी अग्निकांड

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बीते चार दिनों से शहर में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई है। इसके पीछे पटाखे मुख्य वजह है। कल बिचौली मर्दाना क्षेत्र में खड़ी भंगार कार में आग लग गई। वहीं धार रोड स्थित स्क्रेप गोडाउन में भी भीषण आग लगी थी। शहर में आगजनी की आधा दर्जन घटनाएं हुई है।



बिचौली मर्दाना के वैष्णवधाम मंदिर के समीप खड़ी एक कार में आग लगने की जानकारी दमकल को मिली जिसके बाद मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। बताया जा रहा है कि यह कार भंगार थी, इसके दो टायर भी नहीं थे। वहीं धार रोड के सिंहासा स्थित आवेश पिता इकबाल कुरैशी के स्क्रेप गोडाउन में भी भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने 77 हजार लीटर पानी बहाकर आग को काबू किया। इसके अलावा मांगलिया के कचरा प्लांट, आईआईएम ट्रेचिंग ग्राउण्ड और एरोड्रम क्षेत्र के विजयश्री नगर स्थित एक मकान में भी आग लगी थी। दमकल ने सभी स्थानों पर सूचना मिलने के बाद पहुंचकर आग पर काबू पाया।



दो कारों में भिड़ंत, एटीएम में घुसी बलेनो

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बीती रात सदर बाजार थाना क्षेत्र में दो कारों के बीच भिड़ंत होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार इमली बाजार में कार क्रमांक एमपी 13 झेडएन 6031 और बलेनो कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 9953 के बीच टक्कर हो गई, जिसके बाद बलेनो कार एटीएम में अनियंत्रित होकर जा घुसी। बताया जा रहा है कार चालकों को मामूली चोंट भी आई है। गनीमत है कि घटना आधी रात में होने के कारण किसी अन्य को कोई गंभीर चोंट नहीं लगी और एटीएम में भी कोई मौजूद नहीं था। पुलिस सदर बाजार ने कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि कार के एयरबैग खुल गए थे इसके कारण बड़ी घटना नहीं हुई है।

ऑटो चालक ने वाहन को मारी टक्कर

यातायात पुलिस ने पकड़ा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रसोमा चौराहा पर ऑटो चालक ने वाहन को टक्कर मार दी और उसके बाद भागने की कोशिश कर रहा था तभी यातायात थाना प्रभारी योगेश मिश्रा, राजेन्द्र चौहान और सूबेदार सुरेन्द्र सिंह ने ऑटो रूकवाया। पुलिस यातायात के मुताबिक वह चालक सामान्य नहीं था। यातायात पुलिस ने तत्काल विजय नगर पुलिस को मौके पर बुलवाकर ऑटो और चालक को सुपुर्द किया।

दर्दनाक सड़क हादसा... तेज रफ्तार कार की टक्कर से 2 की मौत, 2 गंभीर घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला ब्रिज के पास सुबह भीषण सड़क हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।


पुलिस के अनुसार, हादसा कल सुबह करीब 8:20 बजे हुआ। पहली मोटरसाइकिल पर सवार देवराज गौड़ निवासी उमरिया खुर्द की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी गाड़ी पर पीछे बैठी एक अज्ञात महिला ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। दुर्घटना के बाद कार चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने कार नंबर के आधार पर वाहन मालिक की पहचान कर ली है और उसके खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी चालक की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

महंगे शौक पूरे करने के लिए बेचे म्यूल बैंक खाते

5 आरोपी गिरफ्तार, 20-20 हजार में बेचे थे अकाउंट

इंदौर। एरोड्रम थाना पुलिस ने बैंक खातों का दुरुपयोग कर अवैध लाभ अर्जित करने वाले म्यूल खातों के पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने महंगे शौक पूरे करने के लालच में खुद के बैंक खाते अन्य आरोपियों को बेच दिए थे, जिनका इस्तेमाल अवैध लेनदेन के लिए किया जा रहा था।

एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम ने संदेही राज पिता रविन्द्र वैद्य, निवासी गोविंद कॉलोनी, बाणगंगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में राज ने खुलासा किया कि उसने अपने दोस्तों तुषार चौहान पिता जीवन सिंह चौहान, निवासी फ्रीगंज मरीमाता, और आयुष उर्फ लक्की प्रजापत पिता लक्ष्मण प्रजापत, निवासी गोविंद कॉलोनी, बाणगंगा के साथ मिलकर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अलग-अलग शाखाओं में अपने बैंक खाते खुलवाए थे। इसके बाद इन तीनों ने अपने ये बैंक खाते अजय पिता महेंद्र पटेल,



निवासी लेक पैलेस कॉलोनी, एरोड्रम और रीतेश पिता आशीष प्रजापत, निवासी सत्य सांई बाग कॉलोनी, बाणगंगा को बेच दिए थे। इस खुलासे के आधार पर पुलिस ने गिरोह के पांचों आरोपियों राज वैद्य, तुषार चौहान, आयुष उर्फ लक्की प्रजापत, अजय पटेल और रीतेश प्रजापत को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में सामने आया कि राज वैद्य के पास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एयरपोर्ट रोड शाखा का म्यूल बैंक खाता था, जिसे इसने अवैध लाभ की लालच में अन्य आरोपियों को बेचा था। वहीं तुषार चौहान का खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सियागंज शाखा में खुला हुआ था, जिसे म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग के लिए बेचा गया था। इसके अलावा आयुष उर्फ लक्की प्रजापत का खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कपड़ा मार्केट शाखा में संचालित था, जिसे सौदेबाजी के तहत अन्य तस्करों को सौंपा गया था। इन तीनों संदेहियों ने महज 20-20 हजार रुपये के अवैध लाभ और लालच में अपने ये बैंक खाते अजय पटेल और रीतेश प्रजापत को बेचे थे, जिन्होंने आगे इन्हें अन्य लोगों को उपलब्ध कराया था। एरोड्रम थाना पुलिस ने इस मामले में सभी पांचों आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और इस वित्तीय नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

सम्पादक : महेश मूंगड़। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com